संतरी को चुप करानी वाली टुकड़ी में शामिल सिपाही सुखराज सिंह बेहतरीन फील्ड कौशल का इस्तेमाल करते हुए चुपचाप 60 मीटर रेंगकर आगे बढ़े। जब वे लक्ष्य से 10 मीटर दूर थे तो आतंकवादी ने उनपर अंधा-धुंध गोलीबारी शुरू कर दी। तुरत बुद्धि तथा फौलादी इरादों का परिचय देते हुए सिपाही सुखराज सिंह ने आतंकवादी से आगे पहुंचकर तथा आड़ लेकर उसे गोली से उड़ा दिया। एक घर में छिपे दूसरे आतंकवादी ने मौके का फायदा उठाकर पिछले द्वारा से भाग निकलने की कोशिश की। इस संभावना को भांपते हुए सिपाही सुखराज सिंह ने घर के पीछे से निकलकर उसका पीछा किया। आतंकवादी ने बांस के घने झुंड में आड़ ले ली तथा उन पर दो हथगोले फेंके। विस्फोट से अविचलित रहते हुए, फौलादी हिम्मत और दृढ़ निश्चय के साथ व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह किए बिना सिपाही सुखराज सिंह और आगे बढ़े तथा दूसरे आतंकवादी को गोली मार दी।

सिपाही सुखराज सिंह ने संकट के दौरान तुरत बुद्धि, पहल, अदम्य साहस तथा अडिग दृढनिश्चय का प्रदर्शन किया।

31. **5046176 राइफल मैन प्रेम बहादुर**
3/1 गोरखा राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 26 नंवबर, 2002)

जम्मू-कश्मीर के चेरवाड़ी जनरल एरिया में आतंकवादियों के मौजूद होने संबंधी पक्की सूचना के आधार पर 26 नवंबर, 2002 की प्रातः उबड़-खाबड़ पवर्तीय तथा घनी कांटेदार झाड़ियों से युक्त जंगली प्रदेश के चट्टानी भागों में एक ऑपरेशन शुरू किया गया था।

जब यह तलाशी अभियान चल रहा था, इस टुकड़ी पर आतंकवादियों की ओर से भारी गोलीबारी शुरू हो गई। राइफलमैन प्रेम बहादुर, जो कि तलाशी टुकड़ी में शामिल थे, ने तुरंत अचूक गोलीबारी शुरू कर दी तथा एक आतंकवादी का मौके पर ही मार डाला। दो अन्य आतंकवादियों ने भाग निकलने की कोशिश की परंतु कारगर घेराबंदी के कारण नहीं भाग सके तथा घने जंगल में खड़ी ढलान पर चट्टानों के पीछे आड़ लेने पर मजबूर कर दिए गए। इसके बाद भंयकर लड़ाई में टुकड़ी के दो सदस्यों पर

आतंकवादियों ने भंयकर गोलीबारी शुरू कर दी तथा उन्हें गोलियों के घाव लगे। यह देखकर राइफलमैन प्रेम बहादुर ने आतंकवादियों के नजदीक पहुंचने की कोशिश की तथा इसी दौरान उनकी बाईं जांघ में गोली आ लगी और वह गिर पड़।

बिना विचलित हुए तथा अपने गंभीर घाव की परवाह किए बिना इस साहसी युवा सैनिक ने आतंकवादियों के नजदीक आना जारी रखा तथा नजदीक से एक अन्य आतंकवादी को मार डाला। तथापि, इस गोलीबारी में उन्हें आतंकवादियों की गोली की बौछार आ लगी तथा उन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया।

राइफलमैन प्रेम बहादुर ने विकट परिस्थितियों में साहस, उत्कृष्ट युद्धक भावना, अटल उद्देश्य तथा अदम्य साहस का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया।

32. **5847746 लांस नायक भीम बहादुर थापा**
4/9 गोरखा राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 5 दिसंबर, 2002)

05 दिसंबर, 2002 को 1530 बजे आतंकवादियों से भिडंत की तलाश में चल रहे गश्ती दल ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला के डांगाम् गांव के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा जिसने यह स्वीकार किया कि वह पीछे आ रहे आतंकवादियों का मार्गदर्शक है।

गश्त लीडर ने यथावसर घात लगाई तथा लांस नायक भीम बहादुर थापा को पूर्वोत्तर दिशा में तैनात किया गया था। लांस नायक थापा ने गोली चलाते हुए मौके पर ही एक आतंकवादी को मार डाला। शेष तीन आतंकवादियों ने आड़ लेकर जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी। लांस नायक थापा ने अंधेरा होने तथा अत्यधिक बर्फबारी के कारण घात टुकड़ी की नाजुक स्थिति को भांपते हुए आपने लाइट मशीन गन गनर के साथ भारी बर्फ से युक्त ऊबड़ खाबड़ जमीन पर रेंगकर आतंकवादियों के और निकट पहुंचे। तीन में से दो आतंकवादियों ने अपनी गोलीबारी का रूख लांस नायक थापा की ओर कर दिया। अविचलित रहते हुए व स्वयं रेंगकर आतंकवादियों के और नजदीक आए तथा अचूक गोलीबारी से इनमें से दो को उड़ा दिया।

लांस नायक भीम बहादुर थापा ने तीन विदेशी आतंकवादियों का सफाया करने में विशिष्ट पहल तथा असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया।

33. **1375 7349 लांस नायक रजनीश कुमार**
1 जम्मू-कश्मीर राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 26 दिसंबर, 2002)

लांस नायक रजनीश कुमार 26 दिसंबर, 2002 को 0200 बजे जम्मू-कश्मीर के मेनधार में एक ऑपरेशन के दौरान घात लगाकर बैठे थे।

घात स्थल से बिल्कुल नजदीक की दूरी से आतंकवादियों पर भारी गोलीबारी करके उन्हें घायल करते हुए उनको बच निकलने से रोकने के लिए उन्होंने घनी गोलीबारी के बीच स्टॉप लगाए। तलाशी अभियान के दौरान 0645 बजे घनी झाडियों में उन्हें आतंकवादी होने का शक हुआ। तीन आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी तथा हथगोले फेंक कर उन्हें घायल कर दिया अपने घाव की परवाह किए बिना, घनी गोलीबारी की बौछारों के बीच बचकर निकलते हुए वे रेंगकर आतंकवादियों के नजदीक आए तथा एक को गोली से उड़ा दिया। लांस नायक रजनीश कुमार आतंकवादी की गोलीबारी से पुनः घायल हो गए। अत्यधिक रक्त स्राव के बावजूद, आतंकवादी की गोलीबारी से विचलित हुए बिना, वे निडरता से दूसरे आतंकवादी पर टूट पड़े तथा उसे मार डाला। परंतु लांस नायक रजनीश कुमार घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए। इनके बलिदान से तलाशी टुकड़ियों को निर्बाध रूप से तलाशी ऑपरेशन के लिए प्रोत्साहन के परिणामस्वरूप आठ दुर्दांत आतंकवादियों का सफाया हो पाया।

लांस नायक रजनीश कुमार ने आतंकवादियों के साथ लड़ाई में असाधारण साहस तथा अडिग दृढनिश्चय का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया।

34. **आईसी 59196 कैप्टन नवपाल सिंह सिधू**
मराठा लाइट इन्फैंट्री/27 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 30 दिसंबर, 2002)

कैप्टन नवपाल सिंह सिधू को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिला की सुरनकोट तहसील में तैनात किया गया था। 29-30 दिसंबर, 2002 की रात को जनरल एरिया काटेमार में एक ऑपरेशन शुरू किया गया था। सभी टुकड़ियों को अंधेरे में तैनात किया गया था तथा ये सुबहः होते ही अपने-अपने स्थानों पर कार्य करने लगी।

लगभग 1250 बजे कैप्टन नवपाल सिंह सिधू ने नाले में आतंकवादियों का एक दल देखा। आतंकवादियों को घेरने के लिए जब वे घात लगा रहे थे आतंकवादियों ने उनपर गोलीबारी शुरू कर दी। वे फूर्ती से पलटे तथा एक आतंकवादी को मार डाला। दो आतंकवादियों ने एक शिलाखण्ड के पीछे आड़ ले ली तथा उनकी टुकड़ी पर गोलीबारी शुरू कर दी। अपने सैनिकों पर खतरे को भांपते हुए बहादुरी की मिसाल पेश करते हुए तथा अपने घावों की परवाह किए बिना कैप्टन सिधू ने झपटते हुए हथगोले फेंके तथा अपने व्यक्तिगत हथियार से अत्यधिक भंयकर टक्कर में गोली दागकर दोनों आतंकवादियों को ढेर कर दिया। इस अत्यधिक साहसिक तथा सैनिकोचित कार्रवाई को अंजाम देने के बाद उन्होंने देश के सम्मान तथा अपने साथियों की सुरक्षा के लिए जीवन का बलिदान कर दिया।

कैप्टन नवपाल सिंह सिधू ने आतंकवादियों के समक्ष लड़ाई में अनुकरणीय युद्ध नेतृत्व, अपनी कमान की सुरक्षा व्यक्तिगत वीरता तथा बहादुरी का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया।

35. **2996191 सिपाही संदीप कुमार**
राजपूत/10 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 01 फरवरी, 2003)

सिपाही संदीप कुमार ने जिला डोडा (जम्मू-कश्मीर) में प्रतिकूल तथा बर्फाच्छादित क्षेत्र में एक संदिग्ध घर मे 01 फरवरी, 2003 को ऑपरेशन नाला के दौरान स्वेच्छा से तलाश अभियान का नेतृत्व किया।

सबसे आगे प्रवेश करने वाले के रूप में कार्रवाई करते समय घर में छिपे आतंकवादियों द्वारा की गई अंधा धुंध गोलीबारी में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर घावों के बावजूद उन्होंने सुरक्षित स्थान पर ले जाए जाने से इनकार कर दिया तथा बिल्कुल नजदीक से आतंकवादियों पर गोली चलाते रहे और इस प्रकार उन्हें बच निकलने नहीं दिया तथा अपने साथियों का जीवन बचाया। अत्यधिक रक्तस्राव के बावजूद वे अपना स्थान बदलते रहे तथा अकेले ही तीन आतंकवादियों का सफाया कर दिया।

सिपाही संदीप कुमार ने आतंकवादियों के साथ लड़ते-लड़ते सर्वोच्च बलिदान कर दिया, लेकिन आतंकवादियों को भागने नहीं दिया। उनक इस शौर्यपूर्ण कार्य से उनके साथियों को प्रेरणा मिली, जिसके फलस्वरूप, शेष तीनों आतंकवादियों का सफाया हो सका।

सिपाही संदीप कुमार ने दुर्लभ साहस, असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया तथा आतंकवादियों के साथ लड़ाई में सर्वोच्च बलिदान दिया।

36. **2997184 सिपाही जगत सिंह**
राजपूत/10 राष्ट्रीय राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 03 मार्च, 2003)

सिपाही जगत सिंह जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के लारी जनरल एरिया में 3 मार्च,2003 को शुरू किए गए ऑपरेशन में शामिल थे।

ज्योंहि तलाशी टुकड़ी संदिग्ध क्षत्र में पहुंची आतंकवादियों ने उस पर गोलीबारी शुरू कर दी। इनक द्वारा कारगर तथा तुरंत गोलीबारी से आतंकवादी अपने ठिकाने में पनाह लेने पर मजबूर हो गए। वे आतंकवादियों के छिपने के ठिकाने के मुख के सामने 20 मीटर की दूरी पर लाइट मशीन गन तैनात करने क लिए सघन गोलीबारी के बीच रेंगकर बढते रहे और कारगर ढंग से रास्ता रोक दिया। अडिग निश्चय का प्रदर्शन करते हुए वे भारी बर्फबारी के बीच रातभर पहरा देते रहे तथा आतंकवादियों के बच निकलने के अनेक हताशापूर्ण प्रयासों को विफल किया। प्रातः होने पर अत्यधिक अंधा-धुंध गोलीबारी तथा हथगोलों की आड़ में आतंकवादियों ने बच निकलने का अंतिम प्रयास किया। जीवन को आसन्न जोखिम से बिल्कुल विचलित हुए बिना सिपाही जगत सिंह ने अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया तथा अकल ही बिल्कुल नजदीक से तीनों आतंकवादियों का सफाया कर दिया।

सिपाही जगत सिंह ने आतंकवादियों की गोलीबारी के समक्ष असाधारण वीरता, दुस्साहस, अडिग निश्चय तथा अदम्य साहस का प्रदर्शन किया।

37. **उमाकान्त पाणिग्रही,एल एस सीडी II**
संख्या 121807-के (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 11 मई, 2003)

उमाकान्त पाणिग्रही जम्मू-कश्मीर में प्रति विद्रोही ऑपरेशन के लिए जनवरी, 2003 में तैनात किए गए मैरीन कमांडो दल में शामिल थे। ऑपरेशन संबंधी प्रशिक्षण के दौरान इस नाविक ने विलक्षण फील्ड कौशल, पैनी नजर तथा तुरत प्रतिक्रिया योग्यता का प्रदर्शन किया इसलिए इनकी दल के 'स्काउट' के रूप में चुना गया।

26/27 अप्रैल, 2007 की रात मैरीन कमांडो तथा 15 आर आर के संयुक्त दल ने मुंडेल गांव को जाने वाले नाले में स्थित आतंकवादियों के छिपने के ठिकाने पर छापा मारा। दावे की कार्रवाई के दौरान अपने संगी के साथ पाणिग्रही अपने पूर्व निर्धारित मोर्चे की ओर रेंगकर आगे बढ़ रहे थे तथा आतंकवादियों के ठिकाने से केवल 30 मीटर दूर थे तो दूसरी तरफ से आगे बढ़ रहे मैरीन कमांडो के सैक्शन पर आतंकवादियों ने गोलियों की बौछार शुरू कर दी। अपने साथियों पर मंडराते खतरे को तुरंत भांपते हुए व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल परवाह किए बिना पणिग्रही ने बहादुरी से रेंगते हुए आड़ से निकलकर अपनी एके-47 राइफल से अचूक बौछार करके आतंकवादियों पर तुरंत आक्रमण कर दिया। गंभीर खतरे के समक्ष तथा अपने जीवन को जोखिम में डालते हुए उनकी इस अडिग साहस तथा वीरतापूर्ण कार्रवाई के प्रदर्शन से न केवल उनके साथियों की जानें बच सकीं बल्कि कमांडर सहित हिजबुल मुजाहिदीन तंजीम के चार कट्टर आतंकवादी भी मारे गए।

11 मई, 2003 की रात को एक दूसरे ऑपरेशन में मैरीन कमांडो तथा 15 आरआर के एक संयुक्त दल को पुनः नांदियाल के निकट गुंडपुरा गांव में एक घात लगाने का कार्य सौंपा गया। उनके पिछले कार्य प्रदर्शन के आधार पर इस ऑपरेशन के लिए पाणिग्रही को संयुक्त दल के स्काउट के रूप में तैनात किया गया। जब यह दल उस स्थल की ओर आगे बढ़ रहा था तो आतंकवादियों ने उन पर घात लगा कर आक्रमण कर दिया । जब पाणिग्रही स्काउट के रूप में इस घात दल का नेतृत्व कर रहे थे, अचानक सीधे ही उन पर गोलीबारी हो गई तथा उन्होंने वीरतापूर्वक तुरंत जवाब दिया । इस वीरतापूर्ण, निस्वार्थ तथा शौर्यपूर्ण कार्य से न केवल आतंकवादी आड़ लेने पर मजबूर हो गए बल्कि इससे उनकी दिशा में उनकी पूरी गोलीबारी का रुख भी हो गया जिससे उनकी टीम के सदस्यों को आड़ लेने तथा पुनः व्यवस्थित होने के लिए पर्याप्त समय मिल गया । इस प्रकार, पाणिग्रही ने अपनी टुकड़ी के सदस्यों की जान बचाने के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया ।

उमाकान्त पाणिग्रही ने आतंकवादियों के समक्ष लड़ाई में व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना असाधारण वीरता, दृढ़निश्चय का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान कर दिया ।

बरुण मित्रा

(बरूण मित्रा)
निदेशक

संख्या 253–प्रेज/2003 – राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को असाधारण वीरतापूर्ण कार्यों के लिए "कीर्ति चक्र" प्रदान किए जाने का अनुमोदन करते हैं:–

श्री वीरेन्द्र प्रसाद पुरोहित,कमांडेंट,
171 बटालियन, बीएसएफ (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 02 अगस्त, 2002)

श्री वी.पी. पुरोहित, कमांडेंट, 171 बटालियन बीएसएफ ने बडगाम जिले (जम्मू-कश्मीर) के मालपुरा गांव के एक घर में विदेशी आतंकवादियों के दल के होने की पक्की सूचना के आधार पर 2 अगस्त, 2002 को एक ऑपरेशन की योजना बनायी।

मालपुरा गांव को बाहर से घेरने के बाद श्री वी.पी.पुरोहित अपनी टुकड़ी के साथ लक्षित घर की ओर आगे बढ़े तथा ग्रामीणों से आतंकवादियों के मौजूद होने की पुष्टि करने के बाद आन्तरिक घेरा डाल दिया। दिन का समय होने के कारण आतंकवादियों ने सैनिकों को देख लिया और यह भांपते हुए कि वे घिर गए हैं उन्होंने श्री पुरोहित के ठिकाने की ओर भारी गोली बारी शुरु कर दी। इसी दौरान एक गोली श्री पुरोहित की जांघ में आ लगी. जिन्होंने तुरंत आड़ लेते हुए जवाबी गोलीबारी शुरु कर दी। गोलीबारी के बीच दो आतंकवादी अचानक भारी गोलीबारी करते हुए श्री पुरोहित की ओर झपटे। अत्यधिक रक्तस्राव होने के बावजूद, उन्होंने अपने हथियार से गोली चलाकर एक आतंकवादी को मौके पर ही मार डाला। इस बीच, दूसरा आतंकवादी उनके बहुत नजदीक आ गया तथा उनपर गोली चला दी। दुर्लभ साहस का परिचय देते हुए श्री पुरोहित ने आतंकवादी के हथियार की बैरल को पकड़ कर दूसरी ओर घुमा दिया जिससे गोली की दिशा दूसरी ओर हो गई। गुत्थम-गुत्था लड़ाई के दौरान गोलियों की एक बौछार श्री पुरोहित की छाती में समा गई। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, श्री पुरोहित ने आतंकवादी के हथियार की बैरल को नहीं छोड़ा। इसी बीच इनकी टुकड़ी के एक सैनिक द्वारा बन्दूक से गोली चलाए जाने के कारण आतंकवादी को हथियार छोड़कर भागना पड़ा। तथापि भागते हुए आतंकवादी ने मारे गए एक आतंकवादी का हथियार उठा लिया। गोली के घातक घावों तथा आतंकवादी की राइफल की गरम बैरल को पकड़े रहने के कारण हथेली पर लगने के घावों से विचलित न हुए बिना श्री पुरोहित ने आतंकवादी के ऑखों से ओझल हो जाने तक उस पर गोली बरसाना जारी रखा। बाद में, श्री पुरोहित इन घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए।

श्री पुरोहित ने आतंकवादियों के समक्ष वीरतापूर्ण पहल, असाधारण साहस तथा अनुकरणीय बहादुरी का परिचय दिया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया।

2. **जेसी-548391 सूबेदार दिल बहादुर थापा**
9 असम

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 17 अगस्त, 2002)

सूबेदार दिल बहादुर थापा जम्मू-कश्मीर के केरण सेक्टर (कुपवाड़ा) में शम्शबाड़ी रेंज पर नियत्रंण रेखा के पास घात लगाकर जमे हुए थे। 17 अगस्त 2002 को प्रात: 4.30 बजे आतंकवादियों के घुसपैठ करते हुए एक दल को देखकर उन्होंने रणनीतिक ढंग से चार क्लेमोर सुरंगे बिछाई तथा छोटे हथियारों से गोलीबारी शुरु कर दी तथा होशियारी से व्यवस्थित करके आतंकवादियों के बच निकलने के रास्ते को बंद कर दिया। घायल आतंकवादी इधर-उधर छिप गए तथा हमारे सैनिकों पर भारी गोलीबारी करने लगे। खून के धब्बों को देखते हुए सूबेदार थापा एक पर्वतीय गुफा तक पहुंचे जहां गुफा के अन्दर से उन पर स्वचालित हथियारों तथा हथगोलों से भारी गोलीबारी शुरु हो गई जिसके छर्रे सूबेदार थापा के हेलमट पर लगे। घबराए हुए आतंकवादियों तथा सूबेदार थापा की टुकड़ी के बीच लगातार चार घंटे तक भयंकर गोलीबारी जारी रही।

कोई निष्कर्ष न निकलते देख 1000 बजे सूबेदार थापा ने आतंकवादियों से व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए पीछे चल रहे अपने संगी के साथ हथगोले फेंकते हुए तथा बगनी हथियार से गोली चलाते हुए गुफा पर धावा बोल दिया। इस तेज, अप्रत्याशित तथा साहसिक आक्रमण से आतंकवादी भौंचक्के रह गए जिसके परिणाम स्वरूप सूबेदार थापा ने बिल्कुल नजदीक से चार आतंकवादियों को मार डाला।

सूबेदार दिल बहादुर थापा ने असाधारण बहादुरी, अदम्य साहस, लक्ष्य के प्रति दृढ़प्रतिज्ञा तथा आपरेशन के दौरान शानदार युद्धक नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

3. **3185783 लांस नायक सोहनवीर**
7 जाट (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 27 अगस्त, 2002)

लांस नायक सोहनवीर जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ का प्रयास कर रहे आतंकवादियों का सफाया करने के लिए 26-27 अगस्त, 2002 को बिठाई गई घात में शामिल थे।

प्रातः लगभग 0400 बजे जब आतंकवादी घात क्षेत्र में पहुंचे तो लांस नायक सोहनवीर ने, स्काउट होने के नाते, पीछे से घात लगाकर एक आतंकवादी को मार डाला। वे फटाफट पत्थरों के पीछे छिपे एक आतंकवादी की ओर से टुकड़ी पर घातक गोलीबारी शुरू कर दी गई। इसके बाद की गोलीबारी में

उन्होंने इस आतंकवादी को मार डाला । इसी बीच बच निकलकर झाड़ियों में छिपे दो आतंकवादियों ने खोजी टुकड़ी के हमारे सैनिकों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी । लांस नायक सोहनवीर रेंगते हुए आगे बढ़े और भारी गोलीबारी का सामना करते हुए उन्होंने एक हथगोला फेंककर, एक आतंकवादी को मार डाला परंतु वे इस कार्रवाई में घातक रूप से घायल हो गए । एक अन्य आतंकवादी ने जब बच निकलने का प्रयास किया तो अपने जानलेवा घावों के बावजूद लांस नायक सोहनवीर ने उसके नजदीक पहुंचकर सर्वोच्च बलिदान देने से पहले उस आतंकवादी का सफाया कर दिया ।

लांस नायक सोहनवीर ने असाधारण बहादुरी, दृढ़निश्चय, अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया ।

4. **2695729 ग्रेनेडियर अनिल कुमार**
13 ग्रेनेडियर (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 14 सितंबर, 2002)

आतंकवादियों की गतिविधियों से संबंधित सूचना प्राप्त होने पर ग्रेनेडियर अनिल कुमार ने घने जंगल से नीचे उतरते रास्तों पर तुरंत घात बिठाने के लिए चलाए गए ऑपरेशन में भाग लिया ।

इसी दौरान, जब दूसरी ओर से आते हुए चार व्यक्तियों को ललकारा गया तो उन्होंने हथगोले फेंकते हुए भागना शुरू कर दिया । बिजली-सी गति से ग्रेनेडियर अनिल कुमार एक आतंकवादी पर टूट पड़े और उसको पकड़ लिया । दूसरे आतंकवादी ने स्वचालित हथियार से गोलीबारी करते हुए उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया । गोलियों के भारी घावों से क्षण भर के लिए उनकी पकड़ ढीली हो गई और आतंकवादी भाग निकला । गंभीर घावों के बावजूद, ग्रेनेडियर अनिल कुमार भागते हुए आतंकवादी से भिड़ गए तथा अपनी ए के-47 से गोलीबारी करते हुए उसको मार डाला । अत्यधिक रक्तस्राव के बावजूद, ग्रेनेडियर अनिल कुमार ने असाधारण दृढ़निश्चय का परिचय देते हुए दूसरे आतंकवादी का पीछा करना शुरू कर दिया । अचानक आतंकवादी रुका तथा उसने अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए ग्रेनेडियर अनिल कुमार को गिरा दिया । ग्रेनेडियर अनिल कुमार आखिरी बार हिम्मत जुटाते हुए उठ खड़े हुए तथा स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी के बावजूद, आतंकवादी पर टूट पड़े । इस भयंकर गुत्थमगुत्था लड़ाई में दुर्लभ साहस का परिचय देते हुए ग्रेनेडियर अनिल कुमार ने वीरगति प्राप्त करने से पहले इस दुर्दांत आतंकवादी को मार डाला । इस दौरान एक ए के-47, गोलाबारूद, हथगोले, आईईडी बम, रंगदारी वसूली पुस्तिका तथा दस्तावेज बरामद हुए।

ग्रेनेडियर अनिल कुमार ने आतंकवादियों के समक्ष लड़ते हुए दृढ़निश्चय, अदम्य साहस तथा साहसिक कार्रवाई का परिचय दिया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया ।

5. **आईसी-59231 कैप्टन दिलीप कुमार झा**
सेना आयुध कोर/7 जाट (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 2 अक्तूबर, 2002)

कैप्टन दिलीप कुमार झा नियंत्रण रेखा पर 'ऑपरेशन रक्षक' तथा 'ऑपरेशन पराक्रम' में घातक प्लाटून कमांडर के रूप में तैनात थे । उनके प्रेरक नेतृत्व में घातक प्लाटून ने आठ कार्रवाइयों में भाग लिया तथा सत्ताईस आतंकवादियों का सफाया किया। कैप्टन दिलीप कुमार झा ने सदैव इन ऑपरेशनों में आगे-आगे रहकर नेतृत्व किया।

02/03 अक्तूबर 2002 की रात्रि में जब वे घात लगाकर बैठे हुए थे तो कैप्टन दिलीप कुमार झा ने एक नाले में से हमारी सीमा में घुसपैठ करते आतंकवादियों के एक दल को देखा। उन्होंने गोलीबारी रोक कर उन्हें नजदीक आने दिया तथा घात लगाकर एक आतंकवादी को तुरन्त मार डाला। दो अन्य आतंकवादियों ने नाले में मोड़ों और झाड़ियों का फायदा उठाकर दौड़ते हुए उनके ठिकाने पर गोलीबारी शुरू कर दी। सघन गोलीबारी के बीच अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना वे शेष आतंकवादियों से भिड़ने के लिए आगे बढ़ते रहे तथा सर्वोच्च बलिदान देने से पहले उन्होंने भंयकर नजदीकी भिड़ंत में दोनों आतंकवादियों को मार डाला।

कैप्टन दिलीप कुमार झा ने आतंकवादियों के समक्ष लड़ाई में असाधारण साहस, अनुकरणीय पहल तथा नेतृत्व के अद्भुत गुणों का परिचय दिया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया।

6. **3189896 सिपाही श्रवण कुमार ढुकिया**
जाट/34 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 10 अक्तूबर, 2002)

10 अक्तूबर, 2002 को सिपाही श्रवण कुमार ढुकिया जम्मू-कश्मीर में मीरपुरा के जनरल एरिया में आतंकवादियों के एक दल का सामना करने वाली एलएमजी टुकड़ी नंबर एक में मौजूद थे।

इस दौरान आतंकवादी निकल भागने के लिए विभिन्न दिशाओं में दौड़े। सिपाही श्रवण कुमार ने अपनी टुकड़ी के एक सदस्य के साथ धान के खेत में एक सूखे नाले से होकर एक दल का पीछा किया। आतंकवादियों ने धान के खेत में छिपकर भारी तथा अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए कुछ ग्रेनेड भी फेंके। सिपाही श्रवण कुमार ने जब विचार किया कि आतंकवादियों का सफाया करने के लिए नहर में घुसना अनिवार्य है तब वे नहर में घुसकर रेंगते हुए आगे बढ़ने लगे तथा आमने-सामने की लड़ाई में एक-एक करके तीनों आतंकवादियों का सफाया कर दिया। चौथे आतंकवादी ने तीसरे आतंकवादी के शव के पीछे छिपकर सिपाही श्रवण कुमार के माथे पर गोली दाग दी। अत्यधिक रक्तस्राव तथा तीव्र पीड़ा के बावजूद व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए उन्होंने चौथे आतंकवादी की एलएमजी को जकड़ लिया और उसे मार गिराया। बाद में, उन्हें बेस अस्पताल ले जाया गया किंतु अपने घावों के कारण वे वीरगति को प्राप्त हो गए।

सिपाही श्रवण कुमार ने अदम्य साहस, असाधारण वीरता का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

7

आईसी-54626 मेजर इन्द्रजीत सिंह बब्बर
आर्टिलरी/14 फील्ड रेजीमेंट (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 17 जून, 2003)

असम में जिला दारांग के नियोगपाड़ा गांव के एक घर में कुछ दुर्दांत उल्फा आतंकवादियों के एक अस्थाई ठिकाने पर स्वचालित हथियारों के साथ मौजूद होने के बारे में विश्वसनीय सूचना के आधार पर मेजर इन्द्रजीत सिंह बब्बर ने 17 जून, 2003 को दिन में ही एक गुपचुप साहसिक छापे की योजना बनाई और उसे मुस्तैदी से पूरा किया ।

मेजर इन्द्रजीत सिंह बब्बर ने अपनी टुकड़ी के साथ सामरिक दक्षता और उच्चतम कोटि की सूझबूझ का प्रदर्शन करते हुए आतंकवादियों तक अचानक पहुंचने के लिए वाहन के रूप में सिविल ट्रक का इस्तेमाल किया तथा संदिग्ध ठिकाने को घेर लिया और उनके भागने के संभावित रास्तों की सूझबूझ से नाकेबंदी कर दी। जब मेजर बब्बर अपने संगी के साथ आगे-आगे रहकर बढ़ते हुए गुप्त ठिकाने पर पहुंचे तभी आतंकवादियों ने यूनीवर्सल मशीन गन से भारी स्वचालित गोलीबारी कर दी और मेजर बब्बर के पेट में गोलियां आ लगीं। अपने गहरे जख्मों और निश्चित मृत्यु की परवाह न करते हुए वे झपटे और एक आतंकवादी को वहीं मार गिराया। इसी बीच, एक अन्य आतंकवादी ने नजदीक की झोंपड़ी से उनके संगी पर एक ग्रेनेड फेंका तथा गोलियां बरसानी शुरू कर दी। अपने साथी को बचाने के लिए असाधारण निश्चय का प्रदर्शन करते हुए तथा अपने जख्मों की तनिक भी परवाह न करते हुए, अत्यधिक रक्त स्राव के बावजूद, मेजर बब्बर दूसरे आतंकवादी से भिड़ गए और उसे मार डाला। मेजर बब्बर ने वहां से सुरक्षित स्थान पर ले जाए जाने से मना कर दिया और इस आपरेशन का नेतृत्व करते हुए गोलियां बरसाते हुए तीसरे आतंकवादी को घायल कर दिया जो भागने का प्रयास करते हुए अंधाधुंध गोलियां बरसा रहा था। उसके बाद, मेजर बब्बर को अस्पताल ले जाया गया जहां वे गोलियों के जख्मों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए।

मेजर इन्द्रजीत सिंह बब्बर ने आतंकवादियों की गोलीबारी के समक्ष अविश्वसनीय साहस, प्रेरणादायक नेतृत्व और दृढ़-निश्चय का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया।

बरुण मित्रा

(बरुण मित्रा)
निदेशक

कार्मिक, लोक-शिकायत और पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण-विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 13 नवम्बर 2003 13-11-2003

संकल्प

संख्या - 24012/8-क/2003- स्थापना (ख)- भारत सरकार, कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग के दिनांक 4 नवम्बर, 1975 के संकल्प संख्या 46/1(एस)/74-स्थापना (ख) द्वारा अधीनस्थ सेवा आयोग के नाम से एक आयोग गठित किया गया था, बाद में 26 सितंबर, 1977 से इसका नाम बदलकर कर्मचारी चयन आयोग कर दिया गया है । इस आयोग का कार्य भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों तथा अधीनस्थ कार्यालयों में विभिन्न श्रेणी III (अब समूह 'ग') (ग़ैर-तकनीकी) पदों पर भर्ती करना है । कर्मचारी चयन अयोग के कार्य-कलापों के कार्यक्षेत्र का विस्तार समय-समय पर किया गया है और राधे श्याम बनाम भारत संघ और अन्य के मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्देशों को भी ध्यान में रखते हुए दिनांक 21.05.1999 के संकल्प संख्या 39018/1/98-स्थापना (ख) द्वारा कर्मचारी चयन आयोग के गठन और कार्यकलापों का दिनांक जून 01, 1999 से और संशोधन किया गया था ।

2. अब दिनांक 21.05.1999 के संकल्प संख्या 39018/1/98-स्थापना (ख) में निम्नलिखित को तत्काल प्रभाव से जोड़ने का निर्णय लिया गया है अर्थात् :-

(क) दिनांक 21.05.1999 के संकल्प के पैरा 2 (1) में, उप-पैरा (ख) के बाद निम्नलिखित जोड़ा जाएगा अर्थात्:-

"(ग) अनुभाग अधिकारी (वाणिज्य/लेखा – परीक्षा) के पद तथा 6500-10,500/- रुपए के वेतनमान वाले सभी अराजपत्रित पदों पर भी भर्ती करना"

प्रतिभा मोहन

(श्रीमती प्रतिभा मोहन)
निदेशक

पाद टिप्पणी :- मुख्य संकल्प दिनांक 24 मई, 1999 के भारत के असाधारण राजपत्र भाग -I खण्ड-I में संख्या 39019/1/98-स्थापना (ख) द्वारा प्रकाशित किया गया था ।

वित्त मंत्रालय
(कम्पनी कार्य विभाग)

नई दिल्ली-110001, दिनांक 20 नवम्बर 2003

सं. ए-42011/21/2002-प्रशा.II.--कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का I) की धारा 209 क की उपधारा (I)के खण्ड (II) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार श्री आर. डी. गुप्ता, सहायक निदेशक (निरीक्षण) को कम्पनी कार्य विभाग में कथित धारा 209क के उद्देश्य के लिए प्राधिकृत करती है।

रवीन्द्र दत्त
अवर सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 21 November, 2003

No.251-Pres/2003 - The President is pleased to approve the award the "Ashoka Chakra" to the under mentioned personnel for the acts of most conspicuous gallantry:-

9423984 PARATROOPER SANJOG CHHETRI
9 PARA (SPECIAL FORCES) (POSTHUMOUS)

(Effective date of the award: 22 April 2003)

Paratrooper Sanjog Chhetri was part of a troop conducting search and destroy operations in Hill Kaka in Jammu and Kashmir. The terrain was mountainous with a number of steep cuttings, nullahs and two feet of snow, making movement extremely difficult.

After a long and arduous approach to the target area, at first light on 22 April 2003 the entire troop comprising of 20 personnel drew heavy volume of effective automatic fire from three directions from a terrorist hideout located above, thereby pinning the entire troop down for approximately 30 minutes. Sensing that any further delay in neutralising the terrorist's fire would cause heavy casualties to own troops, Paratrooper Sanjog Chhetri broke cover and lobbed two grenades towards the terrorists thereby disrupting their fire. He started crawling up a steep incline towards the terrorists. Meanwhile, the terrorists re-grouped and re-commenced their effective fire. By now, Paratrooper Chhetri had run out of hand grenades. However, he managed to reach a flank and from that position he charged at and killed two terrorists. This took the other terrorists by surprise and they directed their entire fire on Paratrooper Chhetri. This facilitated the balance of the troops to extricate themselves from the pinning fire of the terrorists and manoeuvre itself to a position of advantage.

Undeterred by the concentrated firing of the terrorists and with an utter disregard for his personal safety, Paratrooper Chhetri continued to close in with the terrorists and killed one more terrorist at point blank range. In this action, he sustained multiple gun shot wounds to which he succumbed subsequently. The troops, inspired by this act of valour, went on to eliminate all the terrorists numbering thirteen besides apprehending one terrorist alive and a large number of arms, ammunition and explosives.

Paratrooper Sanjog Chhetri, thus, displayed most conspicuous gallantry and bravery beyond compare, concern for fellow comrades and made the supreme sacrifice in the highest traditions of the Indian Army.

(BARUN MITRA)
DIRECTOR

No.252-Pres/2003 - The President is pleased to approve the award the "Shaurya Chakra" to the under mentioned personnel for the acts of gallantry:-

1. **SHRI GULZAR AHMED DAR**
CONSTABLE, J&K POLICE (POSTHUMOUS)

(Effective date of the award: 04 Mar 2002)

On 04 March 2002 at about 1230 hrs, a joint operation was launched by SOG Baramulla assisted by troops of 10 JAK rifle in Sherwani Colony, Khwaja Bagh, Baramulla on the basis of specific information. The operation was carried out under the command and control of Shri Deepak Kumar Slathia, SP(OPS) Baramulla.

A strong cordon was laid and a house-search was carried out. While entering the house belonging to one Habibullah Banday, the party was fired upon by the terrorists hiding in the house, resulting in severe injuries to the search party. Constable Gulzar Ahmed Dar, who was accompanying this party also received severe injuries. Despite severe injuries, Constable Gulzar Ahmed Dar retaliated without losing his courage and confidence. Sensing danger to his fellow men, Constable Gulzar Ahmed Dar with total disregard to his personal safety, moved closer to the firing terrorists and pinned them down and killed one dreaded terrorist on the spot. Totally unmindful of his personal safety, he kept firing at the terrorists and provided covering fire to the search party, so as to enable them to withdraw to safer positions. Constable Gulzar Ahmed Dar succumbed to the bullet injuries. The operation continued for nearly 24 hours, in which, the remaining two terrorists were killed and a large number of arms and ammunitions were recovered.

Shri Gulzar Ahmed Dar displayed conspicuous valour, raw courage, presence of mind while fighting the terrorists and made the supreme sacrifice.

2. **SHRI B. B. RATHWA**
HEAD CONSTABLE, GUJRAT POLICE

(Effective date of the award: 05 Mar 2002)

On 05 March 2002, Shri B.B. Rathwa, Head Constable, received a distress call from a Muslim family of Malu village of Chotta Udepur Tehsil. He immediately rushed to the village in a police jeep and helped the Muslim family members in escaping from the frenzy mob. He escorted the seven members of the Muslim family with their personal belongings to a safe temporary

While passing Bhilpur village enroute to Chotta town Muslim Refugee Camp, they encountered road blocks. Shri Rathwa along with 2 Home Guards and 2 GRD personnel and one recruit Police Constable attempted to clear the roadblocks. They were immediately surrounded by a violent mob of tribals numbering over 250 with bows and arrows and other traditional deadly weapons. The mob wanted to kill the Muslims and set their belongings on fire. Seeing the mob, all other personnel fled from the spot but Shri Rathwa, even in the face of certain death, prevented the mob from setting the vehicle along with the Muslims on fire.

Despite being attacked and assaulted Shri Rathwa in total disregard of his personal safety, refused to leave the scene and did his best to save the lives of the Muslims, he was escorting It was only after he was hit on the head and started losing consciousness and control over his rifle that he stopped his valiant efforts. The mob then set the tempo on fire and one of the rioters snatched his rifle and shot him in the thigh. In the meantime, 3 out of the 7 Muslims members managed to escape and the remaining 4 got injuries but their lives were saved due to the daring and valiant efforts of Shri Rathwa.

Shri B.B. Rathwa, thus, displayed presence of mind and conspicuous bravery of high order.

3. **IC-58244 CAPTAIN SACHIN SHIVRAJ RANDALE, SM ARTILLERY/6 RASHTRIYA RIFLES**

(Effective date of the award: 22 June 2002)

Captain Sachin Shivraj Randale, was as Company Commander, the intelligence network pioneered by him confirmed the presence of three foreign terrorists in village Wagat in Jammu and Kashmir on 22 June 2002.

The officer ordered establishment of covert observation posts to maintain surveillance and mobilized his company and approached Wagat from different directions. While cordoning the suspected houses, the terrorists opened fire indiscriminately and escaped to Ashkanpura. Undeterred, the officer contacted his source and pin pointed the house accommodating the terrorists. Clearing the neighbouring houses first he manoeuvred his party to an advantageous position and spotted two terrorists. Firing instinctively he eliminated one of them instantly. The second terrorist opened fire nervously consequent to which one grenade exploded close to the officer resulting in grievous splinter injury. Unmindful of personal safety, the officer crawled to a flank and swiftly engaged him thus eliminating the second terrorist.

Captain Sachin Shivraj Randale, SM displayed exemplary tactical acumen, battle craft, courage and initiative of highest order in facing the terrorists.

4. **2482168 NAIK AVTAR SINGH**
16 PUNJAB

(Effective date of the award: 02 Aug 2002)

Based on the increased threat to the Rangapura Railway line in Darrang Assam, a party proceeded to lay an ambush on the railway track at Umananda on 02 Aug 2002.

At around 0300 hours on noticing some suspicious movement along the railway track, the party immediately laid an opportunity ambush and waited. On being challenged, the terrorists opened fire, lobbed grenades and attempted to flee taking cover of darkness. Realising the need for immediate action, Naik Avtar Singh displaying sheer courage and with utter disregard to personal safety charged at the firing terrorist and shot him dead. The second terrorist, lobbed two grenades in a desperate attempt to escape. Undeterred by the exploding grenades, Naik Avtar Singh continued to crawl and dash towards the terrorist. Exhibiting indomitable spirit in the face of near certain death, he dived behind a cover and displaying marksmanship of high order shot dead the second terrorist.

Naik Avtar Singh displayed presence of mind and conspicuous gallantry of exceptionally high order in the face of terrorist's fire.

5. **SHRI RANBIR SINGH**
SUB-INSPECTOR, J&K POLICE (POSTHUMOUS)

(Effective date of the award: 02 Aug 2002)

On the night of 01 August 2002, CRPF, IPP and Special Operation Group alongwith Police personnel of police station Bagh-e-Bahu and Trikuta Nagar launched an extensive search operation on the basis of specific information that terrorists were seen in the Raika forest on the eastern side of Jammu City.

At about 0945 hours on 02 August 2002 when the search party was in the midst of the thick and unpenetrable thorny bush area, one terrorist hiding in the bushes seeing the party advancing towards him, opened fire with his AK-56 rifle on the police party injuring SI Ranbir Singh, and two Constables seriously. The firing of the terrorist was followed by grenade attack and more firing. Injured SI Ranbir Singh was asked to move back but exhibiting highest sense of duty and outstanding courage in the face of grave danger to his life, SI Ranbir Singh joined the encounter which ensued after the initial firing by the terrorist and gave covering fire for the successful evacuation of his injured colleague. When the injured colleague was almost dragged out of the danger zone, SI Ranbir Singh who was still fighting without caring for his life received a bullet in his head and collapsed. He was shifted to hospital but succumbed to his injuries. The terrorist was also gravely wounded in the encounter and succumbed to his injuries.

Shri Ranbir Singh, thus, displayed conspicuous valour, raw courage, presence of mind while fighting the terrorists and made the supreme sacrifice.

6. **13698329 GUARDSMAN MD HASANUZZAMAN SK**
GUARDS/21 RASHTRIYA RIFLES (POSTHUMOUS)

(Effective date of the award: 06 Aug 2002)

On 06 Aug 2002, Guardsman Md Hasanuzzaman SK was manning the sentry post at Handwara Chowk in Jammu and Kashmir.

At approx 0550 hours, two terrorists in army uniform attempted Criminal Terrorist Action at Handwara post by neutralising the sentries. Guardsman Md Hasanuzzaman SK moved out of his sentry post, manoeuvred and charged on the two terrorists who were hurling grenades and spraying AK and UBGL fire. During the close quarters fire fight he killed one terrorist and injured the second. Guardsman Md Hasanuzzaman SK also received Gun Shot Wounds. Despite his injuries, Guardsman Md Hasanuzzaman SK continued to engage the second terrorist until he succumbed to his injuries.

Guardsman Md Hasanuzzaman SK displayed exemplary courage, offensive spirit and made the supreme sacrifice and averted terrorists' entry into the Battalion Area.

7. **2599680 LANCE NAIK KRISHNA MURTHY G**
18 MADRAS

(Effective date of the award: 08 Aug 2002)

Ambush deployed in Manju in Tangdhar, Jammu and Kashmir sensed a group of terrorists attempting to infiltrate in Kupwara Jammu and Kashmir under thick cloud cover on 08 Aug 2002. Lance Naik Krishna Murthy G exercised restraint and allowed the terrorists to enter into a pre-selected killing area.

Lance Naik Krishna Murthy G sprung the ambush by cleverly firing a claymore mine. The terrorists were badly wounded and started fleeing back towards the Line of Control. They were engaged by own fire. During search Lance Naik Krishna Murthy relentlessly followed the blood trails to very near the Line of Control. There the party came under heavy terrorists fire. Unmindful of heavy fire by enemy and terrorists, he located the terrorists and accurately fired Rocket Launcher round killing two terrorists. He then again closed in with the remaining terrorists, almost on the Line of Control and in yet another swift and daring move killed another terrorist who was trying to move towards the enemy location. The operation was concluded by killing of the remaining terrorists.

Lance Naik Krishna Murthy G displayed indomitable fighting spirit, cool courage and dogged determination in the face of terrorist's fire.

8. **MR-07688 CAPTAIN ANIRBAN DEKA**
ARMY MEDICAL CORPS/16 PUNJAB

(Effective date of the award: 20 Aug 2002)

Based on specific intelligence regarding presence of some terrorists in an area in Darrang Assam an operation was planned and conducted on 20 Aug 2002. Capt Anirban Deka, the Medical Officer accompanied the operation to provide immediate medical aid to the civil populace after the termination of the operation.

While the cordon was being established, Capt Anirban Deka set up a medical aid centre on the outskirts of the village. At about 1715 hours when the cordon of specific group of houses was effective and search commenced, three individuals were seen running in different directions. When challenged to stop they lobbed four grenades and started firing indiscriminately. While attempting to flee two of them ran in the direction of Capt Anirban Deka who was located on the outskirts with the cordon party. Undeterred and undaunted by the sudden appearance of the two terrorists and the intermittent small arms fire, the officer displaying raw courage and lightening reflexes shot dead the first terrorist at point blank range. He chased the second terrorist and in an exemplary display of marksmanship shot him dead.

Capt Anirban Deka showed aggressive sprit, quick reactions and indomitable courage in fighting the terrorists.

9. **SHRI RAVI JEE FOTEDAR,**
SUB-INSPECTOR, J&K POLICE (POSTHUMOUS)

(Effective date of the award: 20 Aug 2002)

On receipt of an information about the presence of terrorists in village Wughbal Kupwara, Special Operation Group immediately launched a seek and destroy operation on 20.8.2002.

While the search operation was in progress, a fierce encounter took place. Shri Ravi Jee Fotedar, Sub-Inspector killed two terrorists on the spot and without caring for his life chased the third terrorist. During this process, he came under heavy volume of fire and sustained grievous injuries. He was evacuated to Base Hospital, Drugmullah, where he succumbed to his injuries.

Shri Ravi Jee Fotedar led his team from the front and set an example by making sacrifice of his life in fighting with the terrorists.

10. **13746412 HAVILDAR MANJIT SINGH**
15 JAMMU AND KASHMIR RIFLES

(Effective date of the award: 24 Aug 2002)

On 24 August 2002, in an operation in Bandi Ka Makan in Jammu and Kashmir Havildar Manjit Singh established night ambushes when poor visibility precluded search.

At approximately 1200 hours he observed one terrorist in a cave. Havildar Manjit Singh crawled and lobbed grenade as attempts to neutralize by small arms fire failed. When the terrorist rushed out firing, Havildar Manjit Singh maintaining nerves killed him at close quarters. Another terrorist was spotted behind boulders in Bagnuwa Nala. As Havildar Manjit Singh moved to block escape routes he came under intense effective fire. Fire fight lasted for two hours. When terrorists did not give up, Havildar Manjit Singh alongwith his buddy crawled closer, prepared pole charge, alongwith grenade lobbed behind boulders thereby eliminating the terrorist by 1830 hours. Untiringly, he established ambushes for the night. Observing suspicious movement, a terrorist lobbed grenade and attempted escape. Havildar Manjit Singh pressed on with the chase despite terrorist lobbying grenade to thwart the chase and in hot pursuit killed him.

Havildar Manjit Singh displayed raw courage and conspicuous gallantry while fighting the terrorists.

11. **14921830 LANCE NAIK SARANGTHEM INGOCHA SINGH**
MECH INFANTRY/42 RASHTRIYA RIFLES (POSTHUMOUS)

(Effective date of the award: 24 Aug 2002)

Lance Naik Sarangthem Ingocha Singh was part of a special mission search party tasked to seek encounter with a group of four terrorists hiding in thickly wooded Harai Kachhama jungle in rugged mountainous terrain in Jammu and Kashmir.

On 24 August 2002 at 1820 hours contact was established with terrorists and fierce encounter took place. Lance Naik Sarangthem Ingocha Singh killed one terrorist and in the cross firing got shot in the right fore arm. Despite being wounded Lance Naik Sarangthem Ingocha Singh continued to pursue the fleeing terrorists and killed the second terrorist in a running firefight. The third terrorist ran down the nala and reached a steep cutting where he took position behind a tree and fired on Lance Naik Sarangthem Ingocha Singh. Despite being wounded, without caring for his own personal safety and displaying bravery of exceptional order charged on the terrorist and killed him in a hand-to-hand fight. In this firefight, Lance Naik Sarangthem Ingocha Singh got shot again and succumbed to his injuries.

Lance Naik Sarangthem Ingocha Singh displayed exceptional personal gallantry, courage and made the supreme sacrifice while fighting the terrorists.

12. **IC-51551 CAPTAIN SHANKAR GOPINATHAN, SM**
BIHAR/4 CORPS INT & FS COMPANY

(Effective date of the award: 28 Aug 2002)

Captain Shankar Gopinathan with his flair for intelligence collection and experience in diverse Counter Insurgency environment developed an effective intelligence mosaic in Nalbari, Barpeta and Kamrup Districts of Assam, attributing to a number of successful operations by the units.

On the night 27-28 August 2002, he obtained pinpoint information about the location of a terrorist group and immediately contacted a unit. Not resting at that, he also volunteered to be part of the operation and located himself with one of the search parties. He led his party from the front and unfazed by the exploding grenades and heavy volume of fire, displaying tact, manoeuvred himself to a position of advantage. The terrorists having taken a beating attempted to escape, Captain Shankar Gopinathan, instantly set off behind the terrorists running towards West and inspite of being under heavy volume of fire, unflinchingly chased them. He brought down accurate fire and shot dead one terrorist and injured the second. The injured terrorist taking cover, lobbed two grenades and brought down close quarters fire; but unflapping, he out flanked him, closed in and shot dead the terrorist and recovered a Carbine.

The operation resulted in elimination of five hardcore terrorists and recovery of large quantity of arms, ammunition, and warlike stores.

Captain Shankar Gopinathan, SM dexterously handled intelligence and also displayed contagious courage and bravery in the face of terrorist.

13. **IC-58403 MAJOR CHATHOTH BINU BHARATHAN**
18 MADRAS

(Effective date of the award: 14 Sept 2002)

On 14 Sep 2002, a well concealed and tactfully established ambush observed a group of terrorists moving in general area Pathridhana in Jammu and Kashmir. Major Chathoth Binu Bharathan exercised restraint till the terrorists entered the preselected killing area and fired a claymore mine.

Terrorists immediately retaliated and took cover behind boulders. Major Bharathan asked for 81mm Mortar fire and continuously engaged the terrorists with small arms preventing them from escaping. Major Bharathan moved to a flank and charged towards the terrorist killing one on the spot. Thereafter, he organised two search parties and personally killed another terrorist while trying to extricate the second search party from effective terrorists' fire. Major Bharathan chased the third

terrorist for 200 meters before shooting him dead. The operation lasted for 36 hours and resulted in elimination of nine foreign terrorists.

Major Chathoth Binu Bharathan exhibited personal bravery of the highest order, cool temperament, initiative, outstanding dynamism and leadership while fighting the terrorists.

14. **3980067 HAVILDAR PABINDER KUMAR**
2 DOGRA

(Effective date of the award: 21 Sept 2002)

Havildar Pabinder Kumar was part of Commanding Officer's Quick Reaction Team, which laid an ambush on the most likely escape route of terrorists in Jammu and Kashmir.

At 1445 hours on 21 September 2002, two terrorists who had taken up position in a natural cave opened up with intense automatic fire and Universal Barrel Grenade Launcher when the search party started closing in with them. Since the cave had only one entry/exit point with steep rock face on other three sides, all efforts to flush out the terrorists proved ineffective. Havildar Pabinder Kumar volunteered and rappelled down the rock face at grave risk to his own life and hanging by the rope atop the cave shot dead one terrorist. Still precariously hanging on the rope he lobbed smoke grenades and forced second terrorist to run out of the cave. As the terrorist tried to run out, Havildar Pabinder Kumar jumped onto him making him fall. Quickly regaining his balance before the terrorist could react, Havildar Pabinder Kumar shot him dead.

Havildar Pabinder Kumar displayed raw courage, indomitable zeal and most conspicuous gallantry while fighting the terrorists.

15. **2794776 SEPOY MANE PARAMANAND SHIVAJI**
MARATHA LIGHT INFANTRY/17 RASHTRIYA RIFLES (POSTHUMOUS)

(Effective date of the award: 22 Sept 2002)

Sepoy Mane Paramanand Shivaji was part of the column tasked to eliminate terrorists hiding in village Kaskot, Tehsil Banihal in Doda, Jammu and Kashmir.

On 22 Sep 2002 at 1840 hours, own troops who had cordoned the group of houses drew heavy fire from one of the houses. Sep Mane Paramanand Shivaji, part of one of the stops spotted a terrorist near the window. He skillfully and silently closed onto the window. Despite heavy fire, Sep Mane Paramanand Shivaji kept his cool and showing good reflexes and marksmanship killed the terrorist. He spotted a second terrorist and closed onto him. While closing in, he got a burst of fire on his left shoulder. Severely wounded, bleeding profusely and under heavy fire, he crawled up

towards the second terrorist. Being unable to fire due to his injury, Sep Mane Paramanand Shivaji lobbed two grenades into the window and killed the terrorist. He succumbed to his injuries thereafter.

